


के साथ अपना भविष्य सुरक्षित करें

# स्थायी पॉवर ऑफ अटॉर्नी

जीवन क्षणभंगुर हो सकता है – स्थायी पॉवर ऑफ अटॉर्नी से आपके मन को शांति मिल सकती है, कि यदि आप अपने स्वयं के लिए निर्णय नहीं ले सकते हैं तो आपको जिस किसी पर भरोसा है वह आपके लिए निर्णय लेगा।

# स्थायी पॉवर ऑफ अटॉर्नी क्या है?

*स्थायी पॉवर ऑफ अटॉनी (EPA) एक कानूनी दस्तावेज है जो आपकी, तथा आपके लिए जो बहुमूल्य है उसकी सुरक्षा कर सकता है।*

क्योंकि जीवन क्षणभंगुर हो सकता है, EPA के साथ अपने भविष्य की सुरक्षा करने के बारे में चिन्तन करने हेतु यह सभी के लिए महत्वपूर्ण है। यदि आप अपने स्वयं के लिए अब और निर्णय नहीं ले सकते हैं तो आप अपने बारे में निर्णय लेने के लिए EPA तैयार करते समय उसका चयन करते हैं जिस पर आप भरोसा करते हैं। आपकी EPA आपके बारे में आवश्यक निर्णय करने के लिए न्यायालय आदेश प्राप्त करने के खर्चे और तनाव से आपके परिवार की रक्षा करेगा।

**EPA के दो प्रकार हैं:**

- एक जो आपकी **सम्पत्ति** (आपके धन और परिसम्पत्तियों) की रक्षा करती है और आपके मानसिक क्षमता खोने से पहले प्रभावी हो सकती है।
- दूसरी आपकी **व्यक्तिगत देखभाल और कल्याण** की रक्षा करती है और केवल तभी प्रभावी होती है जब कोई चिकित्सा पेशेवर यह निर्णय करता है कि आप 'मानसिक रूप से अक्षम' हो गए हैं।

इसका अर्थ है कि केवल वह व्यक्ति या वे लोग जिन पर आप भरोसा करते हैं आपका अटॉर्नी है/आपके अटॉर्नी हैं – जो आपके जीवन और/या आपकी बहुमूल्य सम्पत्तियों जैसे कि आपके धन, मकान और सामान के बारे में निर्णय ले सकता है/ले सकते हैं।

## अटॉर्नी क्या करता है?

*एक बार जब EPA प्रभावी हो जाती है, तो आपका अटॉनी (आपके अटॉर्नी) आपकी देखभाल एवं कल्याण, और आपकी सम्पत्ति (वित्त सहित) के बारे में ज्यादातर निर्णय ले सकता है।*

उनके अधिकार सभी चीजों या केवल आपकी देखभाल के कुछ भागों पर लागू हो, यह आपको निर्धारित करना है। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं – जैसे कि विवाह, तलाक, गोद लेना या जीवन रक्षक चिकित्सा उपचार से मना करना – जहां अटॉर्नी के पास निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं होता है।

आपके अटॉर्नी की मुख्य जिम्मेदारी आपके सर्वोत्तम हित में कार्य करना है और उन्हें आपको उन निर्णयों में शामिल करना चाहिए जहाँ तक आप सक्षम हैं। यदि आप या आपका परिवार अटॉनी के व्यवहार के बारे में चिंतित है, तो सहायता के लिए परिवार न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

## अटॉर्नी कौन हो सकता है?

*आपका अटॉर्नी वह कोई भी हो सकता है जिस पर आपको अपनी इच्छाओं और भावनाओं को समझने एवं सम्मान करने का भरोसा हो। अपने अटॉर्नी का सावधानीपूर्वक चयन करना महत्वपूर्ण है।*

आमतौर पर वे मित्र या परिवार के सदस्य, सहकर्मी या यहां तक कि पब्लिक ट्रस्ट जैसे ट्रस्टी कॉर्पोरेशन (केवल सम्पत्ति EPA के लिए) होते हैं। उनकी आयु 20 वर्ष से अधिक हो, दिवालिया न हों और मानसिक रूप से स्वस्थ हों।

अपनी **व्यक्तिगत देखभाल और कल्याण** की EPA के लिए आपके पास केवल एक अटॉर्नी हो सकता है, जबकि अपनी **सम्पत्ति** की EPA के लिए आपके पास एक से अधिक अटॉर्नी हो सकते हैं क्योंकि विशिष्ट क्षेत्रों की देखभाल करने के लिए आपको विभिन्न कौशलों वाले लोगों की आवश्यक पड़ सकती है। आप उन अन्य लोगों के भी नाम दे सकते हैं जिनके साथ आप चाहते हैं कि आपका अटॉर्नी EPA के निर्णयों पर परामर्श ले।

## मैं EPA कैसे तैयार करूं?

जब आप अपने अटॉर्नी का और आप उससे जो कराना चाहते हैं उसका फैसला कर लेते हैं तो अपना गवाह होने के लिए आपको किसी वकील, योग्य विधिक कार्यकारी या ट्रस्टी कॉर्पोरेशन (पब्लिक ट्रस्ट की तरह) के प्रतिनिधि का प्रबंध करने की आवश्यक होती है। वे सुनिश्चित करेंगे कि आप अपने सभी विकल्पों, दस्तावेज का क्या अर्थ है और क्या यह सभी कानूनी जरूरतों को पूरा करता है, के बारे में समझ लें।

EPA तैयार करने में पैसा खर्च होता है लेकिन लागत घटाने के कुछ तरीके हैं – सबसे महत्वपूर्ण तरीका व्यवस्थित होना है जिससे प्रक्रिया में कम समय लगता है और इसकारण लागत भी कम हो सकती है।

कुछ विधिक पेशेवर सुपर गोल्ड कार्ड छूट प्रदान करते हैं, और अपनी वसीयत बनवाते समय या किसी अन्य मामले के संबंध में अपने वकील से आवश्यक मुलाकात करते समय EPA तैयार करने से आपको अधिव्यय बचाने में मदद मिल सकती है।

## क्या मैं अपनी EPA बदल सकता हूं?

आप किसी भी समय अपनी EPA बदल सकते हैं या समाप्त कर सकते हैं, यदि आप मानसिक रूप से सक्षम हैं।

यदि अटॉर्नी दिवालिया हो जाता है, मानसिक रूप से अक्षम है, व्यक्तिगत या सम्पत्ति न्यायालय आदेश के अधीन है, या परिवार न्यायालय उनकी नियुक्ति रद्द कर देता है तो वह अपने अधिकार खो देता है। यदि आपकी या उसकी मृत्यु हो जाती है तो EPA भी समाप्त हो जाती है। यदि आपके अटॉर्नी की मृत्यु हो जाती है तो पदभार ग्रहण करने के लिए आप एक या एक से अधिक अटॉर्नी के नाम दे सकते हैं।

## EPA जारी करने की तैयारी

*इसके मानक फार्म हैं, EPA जारी करने के लिए आपको उन फार्मों को भरना होगा। आप इन्ह किसी भी विधिक सलाहकार या* www.msd.govt.nz/epa *से प्राप्त कर सकते हैं।*

अपने विधिक सलाहकार से मिलने से पहले निम्न बातों पर विचार करें:

1. आप अपना अटॉर्नी किसे बनाना चाहते हैं और अपने लिए आप उनसे क्या और क्या नहीं कराना चाहते हैं।
2. आपके अटॉर्नी को कैसे सहायता दी जा सकती है – क्या आप अपने अटॉर्नी को परामर्श उपलब्ध कराने के लिए अन्य लोगों के नाम दे सकते हैं, जैसे कि परिवार, मित्र, एकाउंटेंट या वकील?
3. अपनी स्वयं की मुख्य बातों, अपने बकाया किसी धन, और किसी ऋण की सूची बनाएं।
4. आप EPA की प्रति किसे और दे सकते हैं – आपने डाक्टर, अपने बैंक, या परिवार के सदस्यों को?
5. आप अपनी सम्पत्ति EPA को कब लागू करना चाहते हैं – कोई तिथि, कोई समयावधि, या जब आप 'मानसिक रूप से अयोग्य' हो जाते हैं।
6. आपके अटॉर्नी पर किस प्रकार नजर रखी जा सकती है, जैसे कि आपके वित्तीय अभिलेखों की देखरेख, बैंक स्टेटमेंट की प्रति प्राप्त करने, या कुछ निर्णयों के बारे में सूचित करने के लिए दूसरे व्यक्ति की नियुक्त करके। याद रखें आप अपनी सम्पत्ति EPA के लिए दूसरा अटॉर्नी भी नियुक्त कर सकते हैं, जिससे निगरानी में मदद मिल सकती है।
7. यदि आपके प्रथम विकल्प को कुछ हो जाता है तो क्या आप अटॉर्नी के रूप में हस्तक्षेप करने के लिए अन्य व्यक्ति को नियुक्त करना चाहेंगे।

## मुझे और अधिक जानकारी कहां से मिल सकती है?

अधिक जानकारी, सलाह और EPA संसाधन सामाजिक विकास मंत्रालय की वेबसाइट www.msd.govt.nz/epa पर या आपके स्थानीय नागरिक सलाह ब्यूरो, सार्वजनिक लाइब्रेरी, सामुदायिक विधि केंद्र या ऐज क कन्सर्न पर या अपने विधिक पेशेवर से सम्पर्क करके पाए जा सकते हैं।

0800 273 674 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

Protect your Future
msd.govt.nz/epa

OFFICE FOR SENIOR CITIZENS
TE TARI KAUMĀTUA
*Administered by the Ministry of Social Development*

New Zealand Government

Hindi